PUBLICATION NAME :	**Readers Messenger**
EDITION :	**Lucknow**
DATE :	**13/03/2022**
PAGE :	**10**

ईडीआईआई द्वारा विश्वविद्यालयों के अध्यापको का 5 दिवसीय निःशुल्क उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम

रीडर्स मैसेंजर नेटवर्क

लखनऊ। नवाचार को बढ़ावा देने व उद्यमिता से छात्रों को जोड़ने के उद्देश्य से ईडीआईआई द्वारा कई विश्वविद्यालयों के साथ जमीनी स्तर पर कार्य कर किया जा रहा है। इसी क्रम में 5विश्वविद्यालयों के 24 अध्यापको को ईडीआईआई द्वारा 5 दिवसीय निःशुल्क ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग । मार्च से 11 मार्च 2022 तक जारी रहेगी। यह ट्रेनिंग ईडीआईआई के साथ जुड़े हुए हुए विश्वविद्यालयों हेतु निःशुल्क करायी जा रही है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ल ने ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ किया एवं अध्यपको संबोधित करते हुए उद्यमिता प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया, उन्होंने कहा की हमें आत्मनिर्भर बनने के लिए उद्यमिता को छात्र जीवन से ही अपनाना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की सहारना करते हुए कहा की वर्तमान में विवि का नेतृत्व जागरूक एवं अग्रसर है, जो की एक शुभ संकेत हैं। ईडीआईआई, अहमदाबाद में पालिसी एडवोकेसी और रिसर्च विभाग के प्रभारी डॉ अमित कुमार द्विवेदीने बताया कि शैक्षिक संस्थानों के अध्यापको को जागरूककरने के उदेश्य से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 4 विश्वविद्यालय एवं मध्य प्रदेश के 1 विश्वविद्यालय से कुल 24 प्रतिभागी ट्रेनिंग कर रहे हैं, जिनमे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से 5, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से 6, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ से 4, मदन मोहन मालवीय प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर से 4, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से 5 प्रतिभागी ईडीआईआई में उधमित्ता सम्बंधित ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं, जिससे वो अपने विश्वविद्यालयों में मेंटरशिप कर सकें। इस 5 दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को वर्तमान में उद्यमिता की संभावनाएं, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चल रही विभिन्न वित्तीय सहायता की योजनाओ, छात्रों हेतु नए कोर्स बनाया जाना, छात्रों के आईडिया को स्टार्टअप हेतु चयनित करना।